मैसर्स धरतीधन एक्सपोर्ट, क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार माईन्स, पर्यावरण संबंधी जनसुनवाई दिनांक 23.09.2024 प्रातः 11.00 AM बजे, भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र गुपड़ी, ग्राम– हरियाव, तहसील–वल्लभनगर, जिला–उदयपुर

यह जनसुनवाई भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 के प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल, उदयपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना राष्ट्रीय समाचार पत्र दैनिक नवज्योति में दिनांक 21.08.2024 एवं स्थानीय समाचार पत्र जय राजस्थान में दिनांक 21.08.2024 को प्रकाशित करवा दी गई है।

यह जनसुनवाई "**मैसर्स धरतीधन एक्सपोर्ट**" द्वारा प्रस्तावित **क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार** खनन परियोजना (**एम. एल.न. 141/2010** (लीज क्षेत्र 4.00 हैक्टेयर) क्लस्टर के अन्तर्गत सभी खनन पट्टो को शामिल करते हुए कुल क्लस्टर क्षेत्र 43.83 हैक्टेयर, प्रस्तावित कुल उत्पादन क्षमता 8,15,040 TPA (ROM) एवं प्रस्तावित क्वार्ट्ज एवं फेल्सपार उत्पादन क्षमता 178572 TPA निकट ग्राम–हरियाव, तहसील–वल्लभनगर, जिला–उदयपुर स्थित प्रस्तावित परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् आयोजित की गई है। प्रस्तावित परियोजना की लागत लगभग रू. 01/– करोड़ है।

अतः उद्योग के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा परियोजना के बारे में जो जानकारी दी जावेगी उसे ध्यानपूर्वक सुन तत्पश्चात् आपको यदि इसके बाबत् कोई सुझाव/शिकायत हो तो कृपया सबसे पहले अपना परिचय दें जिसमें आप अपना नाम तथा गांव का नाम बताए साथ ही अपना सुझाव/शिकायत जो भी हो लिखित अथवा मौखिक जैसा आप उचित समझें हमें दे सकते हैं।

इस जनसुवाई के दौरान आप द्वारा जो भी सुझाव/शिकायत की जावेगी चाहे वह लिखित हो या मौखिक हो उसे हम कलमबद्ध करेंगे तथा जनसुनवाई की कार्यवाही की विडियोग्राफी भी ली जा रही है। इसकी सी. डी./डी.वी.डी. के अनुरूप कार्यवृत तैयार किए जायेंगे जिसको राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आकलन प्राधिकरण (SEIAA), जयपुर को प्रेषित करेंगे क्योंकि इस इकाई को सन्दर्भ की शर्त (TOR) दिनांक 02.08.2022 को इस कमेटी द्वारा जारी की है एवं उसमें वर्णित समस्त शर्तों की उद्योग द्वारा पालना की जा रही है या की जायेगी जिसकी संपूर्णता सुक्षमता से जांच कर पर्यावरण स्वीकृति पत्र जारी करने की कार्यवाही करेंगे।

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

लोक जन सुनवाई में उपस्थित क्षेत्र के पधारे हुए उधोग मालिक, ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधि सदस्यों की सूची (परिशिष्ठ "अ" में सलंग्न) है।

उपरोक्त के पश्चात इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार श्री मनीष कुमार वर्मा द्वारा उक्त इकाई के संबन्ध में तैयार की गई ई.आइ.ई रिपोर्ट संबंधित बनायी गयी कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी दी गई जो की संलग्नक ''ब''के अनुसार है।

श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, उदयपुर ने उपस्थित जनसमुदाय को बताया कि आपके द्वारा दिये गये सुझावों एवं आक्षेपो को जनसुनवाई के कार्यवृत में शामिल किया जावेगा तथा कार्यवाही विवरण की वीडियो, रिकॉर्डिंग सी.डी (परिशिष्ठ "स" में सलंग्न) एवं फोटोग्राफ (परिशिष्ठ "द" में सलंग्न) के साथ उन्हें राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, जयपुर के समक्ष प्रेषित किया जावेगा।

अतः कार्यकारी सारांश/ई.आई.ए. की विस्तृत जानकारी के पश्चात श्री शरद सक्सेना क्षेत्रीय अधिकारी रा.प्र.नि.म. उदयपुर द्वारा उपस्थित आमजन को अपने आक्षेप, सुझाव, शिकायते रखने हेतु आंमत्रित किया गया जो कि निम्नानुसार हैः–

श्री महेन्द्र सिंह चौहान – ग्रामवासी :–

सर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा कि अभी तक जितने आपने पॉईंट बताए है सारे जैसे कि स्कूल के बारे में बताया, पेयजल के बारे में बताया। आपने फास के बारे में बताया। एटलिस्ट जो मजदुर वहां काम कर रहे है उनके बारे में जो सुविधा बताई है और जो पेड़ लगाने के आज कितने साल से जसपुरा में माईन्से चल रही है आप सब यहां ग्रामवासी बिराजे हुए है। अगर वहॉ माईन्सो की तरफ से अगर पाँच पेड़ भी बड़े बड़े चल गए हो तो बताना कहीं रास्ते पे कहीं सार्वजनिक जगह पे या पंचायत मुख्यालय या स्कूल मुख्यालय पे कहीं पे भी लगाए हो तो आप बताओ और जहॉ मिट्टी उड़ रही है वहॉ कही पानी डाला हो तो भी बताओ ठीक है और हरियाव में कब से माईन्से चल रही है और इस माईन्स के लिए पहले भी ऑब्जेक्शन हुआ अभी जो माईन्स का आपने जो विवरण बताया सर अब सभी लोग इन माईन्सो से परेशान है सबका यह कहना है कि आप नई माईन्स का लिज और यह जो कह रहे है इनके हरित जो मैसर्स धरतीधन एक्सपोर्ट यह नई माईन्स के लिए पर्यावरण स्वीकृती हमारी तरफ से सर उसको स्वीकृती नहीं दे। आप यह निवेदन है ऐसा मैं भी पाँच साल सरपंच रहा पहले पांडूमाता वहां तक पूरे पेड़ हमने पंचायत से लगाए और भी कहीं पे भी लगाए तो पंचायत से लगाए अभी भी गोपाल जी यह जो सरपंच प्रतिनिधी यह जो बैठे है उनसे पूछ सकते है। आप ऐसा कोई काम इन माईन्सो वालो ने नहीं किया कि आस–पास के लोग, ग्रामवासी उनसे संतुष्ट हो और यह भी मोटा मोटी हम लोग तो क्या सोशल मिडीया के माध्यम से पता है कि आज यहां पंचायत में प्रोग्राम है, इस वजह से आ पाए लेकिन जो आम नागरिक है गॉव के जो लेडीज माताएँ–बहने है हम से ज्यादा पूरे दिन गांव में वो रहती है उनको पता है

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

उनको पूरे दिन क्या दिक्कते जेलनी पड़ती है, माईन्स की वजह से और जो सर एक मैं आपसे पूछना चाहूंगा जो भी आप अधिकारी है खनन विभाग से तो इन माईन्सो के चलने का समय है या फिर वो रात भर चौबीस घंटा चलेंगे जैसे खण्डे फोड़ते है, यहां बाहर रात को फोड़ते रहते है तो पूरी रात खड़ खड़ खड़ जैसे यह किशनसिंह जी दाता बैठे है पास में जसपुरा हरियाव वाले आपको और मंदेरिया वाले तो पूरी रात सर यह ब्रेकर से खण्डे फोड़ते है। अब बच्चे स्कूल में पढ़ेंगे दिन में तब भी फूटते है जसपुरा स्कूल आगई, मन्देरिया स्कूल आ गई, यह अपने गुंपडी स्कूल आ गई, हरियाव स्कूल आ गई, यह सब इन माईन्सो के पास में पड़ती है तो चौबीसो घंटे खण्डे फूटते रहते है। चौबीसों घंटे कुछ ना कुछ माईन्स का ऐसा काम जो उससे बच्चे भी पढ़ने में और इस ध्वनी प्रदुषण से कॉफी परेशान है और जैसे कोई अब तो चलो इन माईन्सो में होल नहीं होता है सिमेन्ट फैक्ट्री वाली बात यहां नहीं कर रहे है। बाकी हरियाव में जो माईन्से है फैल्सपार की उन सभी भी होल करते है वो लोग, होल करने से और कॉफी माईन्स वालो नं ऐसे लिज एरिया उन्होने मार्क, डिमार्केशन नहीं कर रखा है और नदी जो पेटा है हरियाव में जो हरियाव की जो माईन्से चल रही है जो नदी जा रही नाला जा रहा है पूरा उस नाले में भी कॉफी चट्टाने उन्होने फोड़ दी है कॉफी सारे खनन कर रखा है तो ऐसा कोई है प्रावधान आपके माईन्स इसमें लिज जो नाले में भी अपन लिज दे सकते है कर सकते है क्या?

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

पहले मैं आपको एक चीज जानकारी देता हूँ कि अभी हम यहां कोई डिसिसन लेने नहीं बैठे है, मतलब अभी हम क्या कर रहे है आप लोगों के लो ग्रीविन्सेस है वो रिकार्डिंग हो रही है, रिकार्डिंग उसको आगे भेज रहे है जब तक कि वो यह माईन्स वाला इस एरिया के लोग संतुष्ट नहीं करेंगे इसकी पब्लिक हियरिंग नहीं होगी सो सॉरि Environment Clearance नहीं होगी, मतलब यह इनको लेटर ईशु होगा सेटिस्फेक्ट्री है तो आपकी रिप्रेसेन्टेशन है मेरे हिसाब से आपने बोली कॉफी चीजे है कुछ लिखित में आपने कभी दिया है या कुछ देना चाह रहे है।

श्री अमर सिंह– ग्राम हरियावः–

मैं इन माईन्सो से गले तक भर चुका हूँ हमारे मवेशी चरने जाते है तो खड्डे कर रखे है जो उसकी वजह से पानी में गिर जाते है मर जाते है कितने मवेशी तो मर गए है। माईन्स वालो को जाके पुछो तो नो की जाओ आगे जाओ हमारी कोई सुनने वाला नहीं है वहां पे वो दादागीरी करते है तुम्हारे जो भी हो हम गरीब आदमी रह गए हम किसके पास जाए– जाए तो आगे से किसी का फोन आ जाता है, आप ग्रीन पट्टी या रेड पट्टी आप जो बता रहे हो उससे किसी तरह का हमें कोई फायदा नहीं है, ना पेड़ लगा रहे है पोड़ो की बहुत सी बौछार हो रही है। हम निकलते भी बहुत बड़ी मुश्किल से आ रहे है। हमारे यहां 35 माईन्से चल रही है। शायद 35 पेड़ भी किसी ने लगा दिए हो तो ना तो हम यह कहते के

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

लिए नहीं आते न तो स्कूल बेग दिया गया न कोई दवाई दी गई न कोई पानी की सुविधा है हमारा वॉटर लेवल है जो गहरा होता जा रहा है इतने बड़े बड़े ब्लास्ट कर रहे है हमारे मकानो में दरारे आ रही है ईवन कि हमारे स्कूल की छत है जो झर–झर अवस्था में हैं जिस दिन ब्लास्ट की वजह से गिर गई तो आप ही अधिकारीगण पधारेंगे फिर उसका मौका मुआएना करेंगे इसके लिए सर से निवेदन है कि इस माईन्स के लिए नई माईन्स को नहीं देने का कष्ट करे तो उसी में ज्यादा बढ़ीया होगा तो उसके लिए हमारे को जो भी आंदोलन करना पड़े फिर हम आगे जा के भी मैंने जैसे जनसुनवाई में कलक्टर महोदय आए उसमें मैंने लिख के दिया हमारा प्राकृतिक नाला अवरूद्ध कर दिया 6 महिने बाद कोई माईनिंग सो आता है तो बोले यहां पे कौन सा प्राकृतिक नाला अवरूद्ध कर दिया वो तो पानी निकाल दिया गया, तो क्या हमारा जो प्राकृतिक नाला था उसका समस्या यही है कि बस आके यहां से साईन कराके लेके जावे, बड़े–बड़े ब्लास्ट होते है इनकी वजह से रात की 10 बजे 11 बजे पूछो तो कहे तुम्हारे में हो दम जो कर लेना। हम अभी जसपुरा के लिए एक सर हमारे आबादी क्षैत्र में भी माईन्स लिज कर दिया तो बोले तुम्हारे इतने से आबादी के लिए हम हमारी लिज केन्सल थोड़े ही करेंगे तुम जाके कहीं दूसरी जगह बस जाओ यह सर हमारे मवेशी अन्दर गए तो उसके लिए बोलते है कि आप तो वो बोल लिज है उसकी वो नहीं चरने देगा तुम्हारे मवेशी को घर पे बांध के रखो इसीलिए हमारे को यह माईन्स फायदा देगी बस धन्यवाद सर।

श्री रघुवीर सिंह चौहान – ग्राम गुंपड़ी :–

माईन्स के बारे में पहले भी यहां एकबार हरियाव में एन.ओ.सी. के लिए आए थे उस समय भी यह बहुत सारे आपके जो अब यह विडियो रिकोर्डिंग बताई हम यह यह करते है हम सिर्फ जितने भी फायदे है सिर्फ एन.ओ.सी. के लिए आते है उस समय उसी कम्प्यूटर पे बताते है स्क्रीन में उसी समय सुनते है और देखते हे उसके बाद इस क्षैत्र पे ना तो कुछ पहले हुआ है ना कोई अधिकारी आता है ना कोई होता है इस क्षैत्र में जसपुरा में माईन्से चल रही है हरियाव में भी चल रही है न कभी कोई माईन्स वाले ने अपने किसी फंड से न तो कोई स्कूलो का विकास किया है ना ही कोई पेड़ लगाए है कुछ भी नहीं और वहां जो बसे हुए आबादी क्षैत्र है अगर उनको जो खातेदारी जमीने है उनके आस पास उनका कोई पशु जाता है या ऐसा कुछ बच्चे या बुढ़े जाते है तो उनको डराया धमकाया जाता है और एक तो यह पॉईन्ट दूसरा बात यह है कि इनको आप जो लिज देते है माईन्स की इनकी लिज है मान लो एक हैक्टर में है ये दो हैक्टर पे कब्जा कर लेते हे इनका जो भी क्षैत्र आ रहा है यहां पत्थर निकल गया तो ठीक यही हो रहा ना सब जगह यहां पत्थर निकल गया तो ठीक नहीं तो यहा आगे खोद देते है। आगे निकल गया तो ठीक और आगे चले जाते है और अगर गाँव वाला ऑब्जेक्शन करे तो उनको डराया जाता हे कि हमारी पूरी लिज है अब गाँव वाला गरी आदमी कहां जाके ऑब्जेक्शन करेगा किसको बोलेगा और इतने पत्थर डाल दिए अवैध रूप से।

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

इसमें मैं इनट्रप्ट कर रहा हूँ आपको आप क्या प्रेसेन्टेशन है ना उसमें जिस माईन्स की आप बात कर रहे है उसका नाम जरूर लिखे मतलब यह क्लियर हो जाए कि भाई किसने अवैध खनन कर रहा है और किसकी ब्लास्टींग हो रही है वो आप नाम से कर दे हम इसको आगे यह हम खनन डिपार्टमेन्ट से नही है वो हम आगे फॉरवर्ड कर देंगे पूरा।

श्री रघुवीर सिंह चौहान ग्रामवासीः–

आप माईनिंग विभाग से है?

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

नहीं माईनिंग विभाग से यहों कोई नहीं है।

श्री रघुवीर सिंह चौहान ग्रामवासीः–

कोई नहीं आया हम माईनिंग विभाग में भी हम पहले गए थे वहां एप्लीकेशन दे के आए हमने उनको कहा आप इन माईन्सो की सीमा जानकारी करवा दो जो चल रही है उनकी अभी तक कोई सीमा जानकारी नहीं उनके यहां माल निकलता है यहां खोद दिया दस साल फिर आगे चले लाते है अब गॉव वाले कया सोचेंगे कि इनका एरिया कहां है और न कोई विकास है कुछ नहीं, फिर आप यह देखिए कि पानी का इनके गहराई का जो मीटर होता होगा ना कि इतने मीटर तक यह गहराई करेंगे उसकी भी कोई सीमा नहीं है आपका जो क्राईटेरिया है विभाग का उससे भी इन्होने गहरे गहरे गड्डे कर दिए है आज माईन्सो में पानी भरा हुआ है लेकिन इस गाँव में सब तरफ कुएँ सुख गए है ट्यूबवेल सुख गए है हैण्डपम्प सुख गए है क्योंकि उन्होने आपकी जो लिमिट है ना उससे चार गुणा गहरा खोद दिया है पानी उन माईन्सो में भरा हुआ है और गॉव में सब कुएँ सुख गए हैं आपके जितने भी नियम कानून सिर्फ बताने के लिए है ना कि वो नियम कानुनो पर यह कोई भी माईन्स वाले वहां काम नहीं करते है, हमने तो देखा है ना हम तो पैदा ही यहीं हुए है इसी क्षैत्र में यही देख रहे है सब कुछ शुरू से देख रहे है फिर आपने वो बता रहे थे कि जो ट्रके निकलती है जो माल जाएगा उस पर ढंक के ले जाऐंगे हमने तो कभी आप चलीए कोई पचास ट्रके निकलेगी एक पर भी किसी पर तरपाल लगा हुआ हो किसी ने आपने देखा हो तो बताओ किसी पर कोई तरपाल नहीं है ऐसे ही ले जाते है और मिट्टी उड़ती है दिन भर जाते आते है पचास जनो को और बचके निकलना पड़ता है। इस क्षैत्र में कई कितनी सारी दुर्घअना हो गई हैं इन ट्रको से बिल्कुल कोइ न तो कोई इनकी कोई लिमिट है कुछ नहीं है इसलिए साहब हमें हमारी यह सब चीजे कोई क्लियर नहीं हो तब तक आज आप इस पर कोई प्रोसेस नहीं करे।

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री लक्ष्मण सिंह देवड़ा– ग्रामवासीः–

यह एक माईन्स से सम्बन्धित एक्सीडेंटल मामला है जो हाल ही में हुआ है एक गरीब वो रामलाल करके सर सामने खड़ा है उसका बच्चा यहां से पांडुमाता की तरफ जाता है रास्ते में खुली माईन्स है एक भी माईन्स ऐसी नहीं हे जिसके चारदीवारे है इस वजह से वो आज बच्चा अन्दर घुस गया और 14 साल की उम्र का बच्चा मर गया। न तो इसको किसी माईन्स वाले ने आज दिन तक सुध नहीं ली सर। मैंने एफ.आई.आर. कराई पोस्टमार्टम है सब हे अब उसमें शायद क्या हुआ कि उसको कोई सरकार की तरफ से आर्थिक राशि भी मिलती है तो उसको क्या है कि थाणे से डोक्युमेन्ट समय पे अवेलेबल नहीं हुआ उस हिसाब से उसको पेमेन्ट भी साहब अभी तक मिला तो एक तो साहब यह है दूसरी साहब यह माईन्स जो माईन्स लिज के लिए आप तक आ गए आज जब सुनवाई हो रही है सबसे बड़ी मुद्दे की बात तो एक भी अधिगण जैसे सरपंच साहब को फोन आया है उसके अलावा मेरे को भी अभी तक सूचना नहीं है कि आज यह प्रोग्राम होने वाला है सर सबसे बड़ी बात है दूसरी बात यह एक थी पीछे से किसी को खड़ा करके बोलते इनको मालूम है आज ग्राम पंचायत में यह प्रोग्राम होने वाला है ठीक है सर।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

आपके यहां मुनादी नहीं हुई क्या, मुनादी नहीं हुई कया कोई टेम्पो नहीं चला क्या?

श्री लक्ष्मण सिंह देवड़ा ग्रामवासी :–

कोई टेम्पो नहीं चला एक भी विडियो बता दो आप गुपड़ी स्कूल की पंचायत के बाहर कोई टेम्पो चला हो तो, यह सर कहां का है, किस जगह कब का है हमने तो नहीं देखा सर शनिवार, रविवार को तो मैं यहीं रहता हूँ, अरे सर मैं कह रहा हूँ कि मैं गुपड़ी का ही हूँ चलो आपका टेम्पो सर मान लिया टेम्पो चला टेम्पो रोड़ पे बहुत सारे टेम्पों सर ऐसी कोई बात नहीं दो मिनिट खडा करके आप, एक मिनिट सर हां यह दिख रहा है चुपचाप जा रहा है कहीं चलता।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

नहीं यह पूरा माईक के साथ है।

श्री लक्ष्मण सिंह देवड़ा ग्रामवासी :–

सर कोई बात नहीं सर मैं यूँ कह रहा हूँ मैं खड़ा हूँ ना आपके सामने मैं खुद कह रहा हूँ मैं उपसरपंच हूँ यहां का मैं आपको कह रहा हूँ मुझे जानकारी नहीं है, सर में क्या कह रहा हूँ मैं मेरे को जानते हो आप नहीं जानते हो मैं उपसरपंच हूँ मैं खुद के रहा हूँ मुझे मालूम नहीं नहीं है, ठीक है सर सबसे बड़ा आज जो एस.डी.एम. साहब आए है उनको सर को तो सुनाना है क्योंकि हमारी परेशानी हम सर को नहीं बताऐंगे तो कैसे पता चलेगा और हमारे लिए पूरी तहसील के मालिक है सर को तो बताना पड़ेगा

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

तो सर यह हमारे ग्राम पंचायत गुपड़ी के हरियाव गॉव में फैल्सपार की यह माईन्स जो चल रही है इसमें सर ना तो किसी ग्रामवासी को किसी प्रकार की कोई सूचना है न कुछ नहीं सबसे पहली बात ग्राम पंचायत को सर यह जो फस्ट में सर्वे करने आते है ग्राम पंचायत को सूचना तो करते है या नहीं करते या कोई प्रावधान नहीं है ऐसा आपने किसी सरपंच साहब को या किसी वार्ड पंच को किसी सूचना करवाई क्या कि यह इस तरह की माईन्स के लिए लिज के लिए आवेदन कर रहे है जमीन नापने आ रहे है पाँच साल हो गए है सर यह कम से कम हमें भी यह पाँच साल पूरे होने आए तो हमने तो नहीं देखा एक भी दिन कि आज यह तो पब्लिक हियरिंग है इसलिए पता चला कि सर यह माईन्स भी हो रही है और सर हमारे क्षैत्र में इतनी माईन्से हो गई है बिना एन.ओ.सी. के मैं तो कह रहा हूँ हमारे पंचायत में यह सरपंच साहब जन प्रतिनिधी उनके लड़के है इनको पूछो आप एक भी किसी माईन्स वाले को हमने एन.ओ.सी. नहीं दी सर यह साहब खड़े साहब हमें सूचना ही नहीं है। सर सबसे एक तो निवेदन आपसे है साहब यह एप्लीकेशन पे साहब मार्क करके सहायक राशि दिलावे और दूसरी बात है आज जो पब्लिक हियरिंग हो रही है उसमें हम किसी प्रकार से सहमत नहीं है ठीक है सर क्यूंकि हमारे क्षैत्र में किसी प्रकार का किसी माईन्स ने एक भी फायदा नहीं किया मुझे एक भी ऐसा कोई आपके प्रदुषण विभाग से भी देख लेते है अपन एक भी ऐसे कोई अधिकारी आके हमें आज दिन तक नहीं मिला कोई किसी ने नहीं कहा कि भई आपके क्षैत्र में किस किस प्रकार का खनन हो रहा है और इस तरह के आपके क्षैत्र में यह यह नुकसान हो रहा है जिसकी भरपाई कर जाए आज सर एसडीएम साहब को हम लेके जाऐंगे हमारे स्कूल की घटना दिखाऐंगे अभी सर इतनी बड़ी छत है पूरी छत लटक रही है सर हादसा हो जाता बीच में अब ये बारीश की वजह से बच्चों को सर है जो ग्राउण्ड में पढ़ा रहे है यह किसी वजह से हो रहा हे माईन्स पे पत्थर फोड़ रहे है ना सर उस वजह से सारा खनन से हो रहा हे इस प्रकार से हम बिल्कुल सहमत नहीं है कुल मिला के।

श्री पवन सिंह चुण्डावत ग्रामवासी :–

आदरणीय एसडीएम महोदय साथ में पधारे प्रदूषण बोर्ड के जो भी अधिकारीगण है समस्त पूर्व और वर्तमान जब प्रतिनिधी, मैं अभी वर्तमान पंचायत समिति का मेम्बर हूँ गुपड़ी और नान्देल दो पंचायत से आदरणीय से यह कहना चाहता हूँ कि आप इनको जन सुनवाई करके एन.ओ.सी. दीजिए भले ही हमारे इनको लिज कर दीजिए पर अभी अपन चलते है 33 माईन्स जो अभी चल रही है वर्तमान में एक माईन्स वाले का आप बता दो कि उसने कोई रूल्स रेग्युलेशन जो आप बता रहे हो जितना नोर्म्स होता है कि स्कूल में स्कूल का जो भी अभी आपने बताया पर थोड़ा थोड़ा मुझे जो जानकारी है मैं बताता हूँ स्कूल का जो छत वत है जो भी उनके सी.एस.आर. का पैसे एक पेड़ लगाना एक ट्री गार्ड या एक पेड़ किसी माईन्स वाले ने लगाया हो तो अभी अपन चलते है देख लेते है। आराम से आप इनको एन.ओ.सी. दीजिए पर्यावरण की एन.ओ.सी. दीजिए स्वीकृती दीजिए हमारे इस पंचायत को चारों तरफ से माइन्स वालो, फैक्ट्री वालो ने खोखला कर दिया चार–चार पाँच–पाँच फैकट्रीयां हमारे 600 घरों की आबादी है हमारे जसपुरा,

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

हरियाव में बड़ी बड़ी फैक्ट्रीयां धड़ल्ले से पत्थर पीस रहे है न पंचायत की एन.ओ.सी. है हमारे वहां के लोगों का पानी खराब कर दिया वॉअर लेवल डाउन हो गया हमारी जो हवा हे वो उन्होने पत्थर पीस के उनसे वो धुल मिट्टी के घुबार उठ रहे हे वहां हम जाते है हमने एन.ओ.सी. के लिए पूछा भी होगा तो बोलते है कि एन.ओ.सी. की जरूरत नहीं हे तुम्हारे पंचायत की एन.ओ.सी. की कोई जरूरत नहीं है हम बड़े लोग है और हम कभी भगवान के लिए हजार रूपये भी वहा कहते है कि चंदा दो या स्कूल में एक छोटा सा आर. ओ. भी लगा दो या कुछ लगा दो तो वो यू कहते हे हम तो पाँच सौ रूपये भी नहीं देने वाले क्योंकि हम तो बहुत रसूखदार है और हम आपसे डरने वाले भी नहीं इधरा सुबह उठते ही सिमेन्ट फैक्ट्री का धमाका हो जाता हे जिससे हमारे आबादी के लो गॉव है उनके बेचारे एक एक रूपये जोड़के पैसे इकट्ठा करके 10–15 लाख का मकान बनाते है छत के बीच में दरार पड़ जाती है रोज गिर जाता है और वो भी इतने प्रभावशाली लोग है कि बेचारे एक साल से उनको कोई मुआवजा नहीं मिला।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

यह जो माईन्स है सिमेन्ट वाली कितना दूर है यहां से, कितना होगा आप जो यह बात कह रहे है यहाँ तक तो रीपीट बात हो रही हे आप एक रिक्मेनडेशन बना के जो यह रिटर्न में कह दे मतलब आप बोलिए मैं मना नहीं कर रहा हूँ यह पूरा रिटर्न में दे मतलब जो जो आप कहना चाह रहे हैं ना वो रिटर्न में दे।

श्री पवन सिंह चुण्डावत ग्रामवासी :–

मैं यू कह रहा था चारों तरफ पंचायत को खोखला कर दिया इन लोगों ने।

श्री रमेश बहेड़िया जी, एस.डी.एम.साहब :–

सीआर साहब एक मिनिट बेसिकली यह जो पब्लिक हियरिंग रखी गई है इसका मुल कर्तव्य यह है कि यह जो पॉच माईन्से इस B2 क्षैत्र में आ रही है इनको Environment Clearance प्रशासन देगा आप जो समस्या बता रहे है वो प्रजेन्ट माईन्सो से है या अभी जो चल रही है क्रशर से है, मेरा मतलब समझिए आप बोले मुझे कोई आपत्ति नहीं है मैं यह कहना चाह रहा हूँ की आप।

श्री पवन सिंह चुण्डावत ग्रामवासी :–

वो माईन्स भी वर्तमान बन जाएगी जैसे आप एन.ओ.सी. दोगे ना तो वो वर्तमान हो जाएगी आप अभी आए हुए हे आपके बाद कोई आने वाला नहीं है आप जेसे ही एन.ओ.सी. दोगे उनकी लिज हो जाएगी फिर वो वर्तमान बन जाएगी फिर वो वर्तमान बन जाएगी फिर आप वापस नहीं आओगे। फिर आप एक साल बाद आओगे।

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री रमेश बहेड़िया जी, एस.डी.एम.साहब :–

मेरी बात सुनीये आप सुने तो आपका जो फोकस है आप यह विडियोग्राफी करने का उद्देश्य भी यही है कि यह जो पॉच माईन्सों से रिलेटेड जो Environmental समस्याएं आ सकती हे आप यह बताए तो इसमें जयादा आपके लिए फुर्टफुल रहेगा आपके जो भी ऑब्जेकशन होंगे उनको रीमुव करने के बाद चीजे होगी पब्लिक हियरिंग कराने का मतलब जेसे आज यह उमेश मेघवाल की डेथ हुई है इसका इस माईनिंग हियरिंग से लेना देना नहीं अब यह तो में वैसे ही फॉरवर्ड करवाऊंगा दिककत नहीं मेरा आपका यह रखो कि साहब यह यहां पॉच माईन्सों का Environment Clearance देने से यह समस्याएं होगी और हमें उसका समाधान सबसे पहले चाहिए।

श्री पवन सिंह चुण्डावत ग्रामवासी :–

सर समस्याऐं ऐसे होगी आज के बाद आने वाले 5–10 सालों के बाद हमारे बच्चे पैदा होंगे वो गुंगे, बहरे पैदा होंगे या फिर आँखे उनकी कमजोर हो जाएगी, किसी को सुनाई नहीं दगा क्योंकि इतनी धुल मिट्टी उड रही है ना ओर चारों तरफॅ कोइ भी पेड़ पौधा लगा नहीं रखा है आपके जो नियमानुसार जो पेड़ पौधे अब उनके नोर्म्स में जो है वो लगाने पड़ते है वो कोई लगा नीं रहा है फिर उनको स्वच्छ ऑक्सीजन कैसे मिलेगी वो बीमार तो होगा और हमारे कुछ मवेशी है आने वाले जा आप बता रहे हो, फिर उसमें हमारे जो मवेशी चरने जाते है आस पास चारागाह की जमीन हैं हम एम.ई. साहब के पास गए तो उन्होने बोला यह तो धरतीधन है जब तक मिलेगा तब तक माईन्स वाला बैचारा खोदेगा इसको तो हमारे मवेशी चरने जाते है वो अन्दर गिर गए बैचारा वो केसे लाता है एक भैंस 50 से 60 से 70 हजार रूपये की आती है फिर वो उसको जब वो जाता है वहां पे कि मेरी भैंस मर गई हे तो उसको धमका के भेज दिया जाता है फिर थोड़ देर बाद 2 पुलिस के जवान और एक ए.एस.आई. यहां पर आ जाते है उसको डरा के धमका के 60 से 70 हजार की भैंस के उसको बोलते है 20 हजार रूपये एक माईन्स वाले ने कोई नोर्मस फोलो नहीं कर रखा है यह भी वर्तमान माईन्स बन जाएगी और हमारी इस पंचायत को पूरी तरीके से चारागाह की भूमि को इन लोगों ने आस–पास उसमें चारागाह की भूमि भी आती उस चारागाह की भूमि भी बंजर बन जाएगी और हमारे पर्यावरण को बिल्कुल देख लो कि आप उसकी तो ऐसी तेसी हो रही है तो हम यह चाहते है कि यह जो नई माईन्स वो आपको बिल्कुल देना ही नहीं है और वर्तमान जो माईन्से चल रही है अपने भी छोटे छोटे बच्चे है ऊपर अधिकारियों की मिलीभगत से उनको किसी तरह लपेट में आपके अधिकारी उनको करेंगे तो फिर प्रभु को तो जवाब देना ही है हम तो मर जाऐंगे धन्यवाद।

श्री भंवरसिंह सिसोदिया ग्रामवासी :–

आदराणीय एस.डी.एम. साहब प्रदुषण मण्डल से पधारे हुए गण, वर्तमान और पूर्व सरपंच साहब मैं तो केवल वर्तमान में जो एन.ओ.सी. जो लिज चल रही है उसके बारे में कुछ बोलना चाहूंगा कि अभी भी

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

जो मैंने आदेश देखा है उसमें 94.62 हैक्अर में लिज करवाने का है और आदेश आगे शासन सचिव जयपुर से आए है वहां से माईनिंग डिपार्टमेंट को भी आया एस.डी.एम. साहब को भी आया एस.डी.एम. साहब ने तहसीलदार को आदेश दिया 7 दिन में जवाब दे और तहसीलदार साहब ने पटवारी साहब को दिया कि 7 दिन में जवाब दे मैं पूछता हूँ कि पटवारी साहब के पास में क्या कोई ऐसी मशीने है जहां भी है जो लिज दी है उसमें वास्तव में वहीं लिज है 94 में कह रहा हूँ मेरी जमीन 35 विघा है जिसकी लिज है उसमें 200 खाखरे के पेड़ है और अगर वो खोदे और 500 फीट तक अगर लाईम स्टोन निकल जाए तो पूरी जमीन दे दूंगा क्यों गरीबो की मतलब हाय ले रहे हे जहां पर लाईमस्टोन है ही नहीं और वो भी लिज कर रहे है वहां पूरी लिज पडी हुई है 23167 नम्बर की लिज हुई है और जसपुरा 'गॉव के अन्दर मतलब सिर्फ जगमोहन सिंह यह सरपंच जी बैठें है पूछो इनसे कितने आम के पेड़ लगाए है वहां पर आम के पेड़ कितने है वो साहब आम के पेड़ लगे हुए है और उन पेड़ को पर्यावरण वाले वाड़ देंगे और लिज में दे देंगे मानलो पर्यावरण की एन.ओ.सी. दे देंगे फिर वो आम के पेड़ सब काट देंगे गॉवरमेन्ट ने कराया है उन आम के पेड़ो का क्या हो रहा है कहा गया आपका पर्यावरण तो मेरा तो निवेदन यह है कि यह जो अब लिज हो रही हे नहीं होने दे आप डाईरेक्ट नकशा बता कर आप सरपंच से पूछते पहले ग्राम पंचायत है सरपंच है सी.आर. है फिर आप पटवारी है तहसीलदार साहब है एस.डी.एम. साहब विराजमान है फिर माईनिंग के पास जाते कम से चलते ना तो कम से कम पता तो चलता कि किस भूमि के अन्दर लाईमस्टोन है जिस दिन आऐंगे बैचारे खेती कर रहे है वो जसपुरा के वो भी लिज है जमीनों के खेत है वो भी लिज में, मैं कह रहा हूँ आप लिज में है फिर अगर आप आदेश देते है तो अभी आप लिज कहीके चालु करिए अरे कुछ नहीं है वहां पर मैंने बहुत दौड़ाया 500 फीट तक वहां कोई माईन ही नहीं निकली और फिर वहां खेतों के वहां लाईमस्टोन निकल जाएगा गरीब लोगो की धज्जियां हो रही है कम से कम आपसे निवेदन यही कर सकते हे कि कम से कम अब तो लिज का है वो पर्यावरण वाला एन.ओ.सी. नहीं दे नहीं तो फिर से डाईरेक्ट जाऊंगा दिल्ली के अन्दर मोदी जी के पास आप किसानो के हितेषी है और किसानो का यह माईनिंग वाले क्या कर रहे है, एक तो खेती करने के लिए आप इतना हमसे कह रहे है इनको आदेश दिया हुआ है और 3 करोड़ लिज के लिए 20 प्रतिशत हमने जमा करवा दिए टेक्स के और बोली हाईयेस्ट लगी है तो किसान हमारा व्यवसाय बढ़ाना चाहते है। मेरी जमीन रोड़ के ऊपा है मैन रोड़ कुराबड़ के ऊपर वो लिज में है 39 साल तक हमने मजदुरी की है हमें लगा कुछ डेवलपमेन्ट करेंगे किसी को आप एन.ओ.सी. नहीं दे सकते कनवर्ट नहीं कर सकते अब एस.डी.एम. साहब क्या करे अब एसडीएम साहब बोले कमिशनर से आदेश है जयपुर से उसके आदेशा की पालना करे तो आप कम से कम इतने आगे बहुत कुछ कर सकते है कि कम से कम आके यह तो बताए कि मतलब यह लोग जो लिज दे रहे हे तो वो कहां कहां है खाना पूर्ति करने इतने हेक्टेयर में लिज हो गई लोन लिया लाएगा हो जाएगा। हम क्या करेंगे गरीब लोगों के लिए कहां पर्यावरण करेगा, पेड़ लगाएगा, पंचायत से चरनोट भूमि है वो कनवर्ट वो भी चेंज कर दिया जसपुरा की चरनोट भूमि हरियाव में चली गई तो जसपुरा वाले कहां जाऐंगे यह तो कोई तरीका नहीं हुआ हम वापस

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

मिलेंगे आपसे आप तो आपस में खानापूर्ति करनी है मैं तो मैं कह रहा हूँ 200 पेड़ काटेंगे यही अरे क्यों लोगों को परेशाान कर रहे है मैं कह रहा हूँ कि सर यह लिज मंदेरिया में लगाई है सिमेंट फैक्ट्री वालो ने अगर 1000 साल तक माईन्से चले तो माल समाप्त ही नहीं होगा तो क्या करेंगे पर्यावरण वाले पेड़ पौधो काटेंगे।

श्री मनीष कुमार वर्मा पर्यावरणीय सलाहकार :–

सर यह प्रस्तावित खनन अगर किसी को मैसर्स धरतीधन एकसपोर्ट 141/2010 के बारे में कुछ है तो बताए और यह सर आवासीय क्षैत्र से 2.5 किलोमीटर की दूरी पर है और उसमें ब्लास्टिंग भी डीजीएमएस परिसर रूल्स एण्ड रेगुलेशन के बाद ही करेंगे और ब्लास्टिंग से किसी को किसी को कोई नुक्सान नहीं पहुंचेगा।

श्री गोपाल तेली – ग्रामवासी :–

मैं 4–5 बार ग्रामसभा में इस सिमेंट फेक्ट्री और माईन्स वालो से करीब 4 साल पहले हमने मांग रखी थी कि हमारी पंचायत के सभी ट्री गार्ड लगाए और पेड़ लगाए 4 साल पहले अभी तक एक भी ट्री गार्ड और एक भी पेड़ नहीं है 4 साल से और जो फेक्ट्री हमारे जसपुरा में चल रही है उससे करीब करीब पूरी चरनोट भूमि भी पूरी बंजर हो रही है क्योंकि वो जब धूल मिट्टी उड़ती है वो चरनोट भूमि में जब वो चरनोट भूमि पूरी बेकार हो गई वाईअ–वाईट और भेड़ बकरी कुछ खा ही नहीं पाते मैन पर्यावरण वाले ही हो तो पर्यावरण के लिए ही बोल रहा हूँ पर्यावरण का कोइ लेना देना नहीं क्योंकि हमारे जसपुरा में भी क्रशर है पाउडर फेक्ट्री है उन्होने एक भी कहीं पर अभी अभी हम जाते है सब देख लेते हे तो कुछ नहीं है धूल मिट्टी उड रही है कोई पानी वगेहरा कुछ नहीं है जो अड़ौस–पड़ौस के किसान है उनके वो जो चारा हे खेती हे अभी वो खेती भी है सब कुछ है जाते है तभी देख पाते है पर्यावरण का कोई कुछ नहीं है और हम भी वहां जाते है ज्यादा तो हम भी कुछ कर नहीं पाते फिर हमने मांग की धन्यवाद।

श्री गोपालसिंह राणावत – ग्रामवासी :–

जो आप एन.ओ.सी. की प्रक्रिया आप चला रहे है पर्यावरण से सम्बन्धित आप बात करना चाह रहे है कुछ माईन्से वगेहरा चली कुछ समस्या तो हमारे है ही है लेकिन पर्यावरण की जो बात कर रहे हे मैं यह चाहता हूँ पर्यावरण की हमारे एरिया में एन.ओ.सी. देने की जरूरत नहीं है यदि आप एन.ओ.सी. देना चाहते हो तो हमारी जो पर्यावरण की अभी जो स्थिति है वो स्थिति आज के 10 साल के बाद में हर एक इसकी आप हमारे को गारंटी देते हो तो आप पर्यावरण की एन.ओ.सी. इनको दे सकते हो जो हमारा अभी का जो वातावरण है वो वातावरण 10 साल के बाद मेन्टेन कर सकते हो आप, आप ओनली बाद में लेखपूर्ति करके एन.ओ.सी. दे के किसी माईन्स को चलानाा चाहते हो यह बहुत गलत बात है यदि आज मेरा किसान यहां

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

पे आम का वृक्ष लगाता है और उससे 10 क्विंटल यदि आम निकलता हे तो आज के 10 साल के बाद में भी 10 क्विंटल उसके आम निकलने चाहिए। यदि 8 क्विंटल निकलते है तो 2 क्विंटल उस किसान को आपका विभाग खर्चा दे आप साथमें रहने के लिए मैं नहीं बोला आप राजस्व अधिक करना चाहते हो सरकार के लिए इसका मलतब यह नहीं है कि हमारे किसानो का फॉल्ट हुआ आज हमारे जो पानी की स्थिति है वो पानी की स्थिति कम से कम आज है अभी मेरे गॉव में आज 5000 लीटर पानी है तो 10 साल के बाद भी 5000 लीटर पानी रहना चाहिए न कि आपके उन माईन्सो में जाना चाहिए इसलिए अभी की जो स्थिति है उसके अनुसार हम सहमत नहीं है इन विभागो को एन.ओ.सी. दी जाए यदि आप देते हो तो इस बात की हमारे गारंटी देते हो कि हम आपका वातावरण को बिल्कुल खराब नहीं होने देंगे हमारे को नहीं चाहिए आपके पेड़ लगाने हम भीक्षा मांगने के लिए आपके पास नहीं खड़े हुए सर हमारे यहां रोड़ बना दो हमारे यह कर दो हमारे को नहीं चाहिए हम भी काम करते हे हम भी कमा सकते हे हम फसल उगाऐंगे उससे ज्यादा गेहूँ पैदा करेंगे आप क्या हमारे वातावरण को खराब करना चाहते हो आज आपने क्या स्थिति बना दी हमारी पहले आपने जितनी भी इन लोगो को जो एन.ओ.सी. लेने की बात कर रहे हो और क्यों देना चाह रहे हो किसी को कोई सूचना नहीं आ लाते हो खेलपूर्ति करके रिपोर्ट बना के भेज देते हो आज हम सब कह रहे है एन.ओ.सी. लिख दे कि आप सहमत है हम सब फैसला लेंगे उसको आगे भेजोगे आप आप सहमत हे क्या हम जो फैसला लेंगे उसको आगे भेजोगे क्या आप।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

आपने जो भी आपके यहां पे कहा ना आप सूचना का अधिकार तो जानते हो ठीक है ना अब एक काम करना सूचना के अधिकार पे ये आप जो बोल रहे हो तो ऐक्सेक्ट वर्ड जाऐंगे यह गारंटी है हमारी ठीक है आपको जो भी चाहिए न होगा सूचना के अधिकार के अन्दर आपमें से कोई भी ले सकता हे अगर सूचना के अधिकार के अन्दर नहीं खर्च करना चाहते तो आप वैसे भी ले लो और कुछ आप जो भी चीज बोल रहे हो ना तो सारी की सारी एस वर्ड्स जा आपके बोल रहे हो ना जो मैं बोल रहा हूँ जो आप बोल रहे हो वैसे के वैसे जाऐंगे।

श्री गोपाल सिंह राणावत ग्रामवासी :–

उसको आप साईन कर दोगे इससे किसी प्रकार की हमे संदेह नहीं अगली बार भी एन.ओ.सी. के लिए हुए थे हमने विरोध किया था एन.ओ.सी. इनको नहीं देनी नहीं देनी क्यों भई सही बात है लेकिन एनओसी दी गई हमारे को बेवकूफ बनाया गया और भी हमारे से आप आपकी प्रक्रिया करना चाहते हो हमारे साथ धाखा हुआ आप जो प्रासिडिंग आप ले रहे हो उसकी एक कॉपी हमें देने में क्या दिक्कत है।

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

कोई दिक्कत नहीं आपको मिल जाएगी, आपको जो भी चाहिए ना आपको विडियो रिकार्डिंग चाहिए आपको विडियो रिकार्डिंग मिल जाएगी आपको लिखित में चाहिए आपको लिखित में मिल जाएगी।

श्री गोपाल सिंह राणावत ग्रामवासी :–

हम एन.ओ.सी. के लिए सहमत नहीं है।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

आप जो कह रहे है ना आप सहमत नहीं है हम यही लिखेंगे आपके गाँव वाले सहमत नहीं है।

श्री गोपाल सिंह राणावत ग्रामवासी :–

और सहमत इसलिए नहीं है आपने पूर्व में एन.ओ.सी. जिन लोगों को दी है उनकी आप जाँच करवा दीजिए क्या वो नियम और कायदे फॉलो कर रहे है क्या हम कैसे विश्वास करेंगे आप जिस फर्म को एन. ओ.सी. दे रहे हो वो नियम और कायदा को फॉलो करेगा हम तो देख रहे हे अभी जो जिधर आपकी माईन्से वगहरा चल रही है वो हम देख रहे हे हमारी क्या स्थिति कर रहे है।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

अब मैं आपको एक एक्साम्पल दे रहा हूँ एक मिनीट आप मेरी बात सुन लेना एक आपके एक सेम केस उदयपुर में चल रहा है उसमें क्या हुआ के दो साल से उसको एन.ओ.सी. नहीं मिली है और जितने भी उसने नाम लिए थे ना जेसे पब्लिक हियरिंग के अन्दर उन सब की जॉच चल रही है ठीक है ऐसा नहीं है देखो हो सकता है पहले क्या चीज होनी है मैं वो नहीं कह सकता लेकिन आज की तारीख के अन्दर जो भी चीज आप बोल रहे है वो वैसी ही जाएगी और वो जॉच होगी।

श्री गोपाल सिंह राणावत ग्रामवासी :–

आप पर्यावरण विभाग से है आप चाहते है प्रदूषण नहीं हो अभी हमारे अभी हमारे एरिए की प्रदुषण के मामले में क्या स्थिति है।

श्री शरद सक्सेना जी, क्षेत्रीय अधिकारी, राप्रनिम, उदयपुर :–

आपका प्रेसेन्टेशन कभी आपने भेजा क्या हमको एक मिनिट अगर भेजा जो मौका दिखाऐंगे आप देखो क्या होता है कि एरीया तो बहुत बड़ा होता है आपकी सबकी समस्या है समस्या बताईए तो सही अभी एन.ओ.सी. हम इसको नहीं दे रहे है एनओसी नहीं दे रहे हे आपको किसने कहा एनओसी दे रहे है हम

उपखण्ड अधिकारी
वल्लभनगर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल
उदयपुर (राज.)

